हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 29 जनवरी 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 पेवर्स निर्माण से मिलेगी धूल से निजात...



09 पूर्व विधायक ने किया ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्र...



## खबर संक्षेप

### जिले में 28 जनवरी को 12.3 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**सागर।** सागर जिले में 28 जनवरी को 12.3 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार सर्वाधिक वर्षा खुरई केन्द्र पर 39 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में सागर केन्द्र में 22.6 मि.मी., जैसीनगर में 3 मि.मी., राहतगढ़ में 10 मि.मी., बीना में 4.2 मि.मी., खुरई में 39 मि.मी, मालथौन में 12 मि.मी., बण्डा में 15 मि.मी, शाहगढ में 16.2 मि.मी, गढ़ाकोटा में 11.6 मि.मी, रहली में 6.3 मि.मी, देवरी में 4.3 मि.मी. तथा केसली में 3.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आज

**सागर।** आयुक्त सागर संभाग अनिल सुचारी द्वारा 29 जनवरी को शाम 4 बजे वी.सी. के माध्यम से सागर जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में राजस्व प्रकरणों तथा राजस्व विभाग से जुड़े समस्त कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को वी.सी. से जुड़ना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में समस्त राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, नामांतरण प्रकरणों की स्थिति। बटवारा प्रकरणों की स्थिति, सीमांकन प्रकरणों की स्थिति, अभिलेख दुरूस्ती प्रकरणों की स्थिति, भू-अर्जन के प्रकरणों की स्थिति एवं राजस्व अभिलेखों में अमल हेतु शेष न रहने का प्रमाण पत्र, स्वामित्व योजना की स्थिति, राजस्व संग्रहण की स्थिति, फार्मर रजिस्ट्री की स्थिति, पी.एम./सी.एम. किसान ई. के.वाई.सी. की प्रगति, 50 दिवस से अधिक सी.एम. हेल्पलाईन के नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन संबंधी प्रकरणों की स्थिति जैसे विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### भारतीय पत्रकारिता के ऐतिहासिक संदर्भ पर विशेष व्याख्यान आज

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर के संचार एवं पत्रकारिता विभाग में भारतीय पत्रकारिता के 246वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में 29 जनवरी दोपहर 01 बजे से विशेष व्याख्यान का आयोजन, वैली कैम्पस स्थित संचार एवं पत्रकारिता विभाग (स्वदेशी भवन) के सम्मेलन कक्ष में किया गया है। इस आयोजन में आकाशवाणी दिल्ली के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजय सिंह एवं आकाशवाणी सागर के कार्यक्रम अधिकारी दीपक निषाद व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागध्यक्ष प्रो. कालीनाथ झा करेंगे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अलीम अहमद खान एवं डॉ. विवेक जायसवाल हैं। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के विद्यार्थी भी सहभागिता क़र सकेंगे।

संभाग कमिश्नर ने सिंचाई परियोजनाओं की विस्तार से की समीक्षा

# सिंचाई परियोजनाओं में भू अर्जन की राशि तत्काल खातों में हस्तांतरित करने की कार्रवाई करें: संभाग कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जल संसाधन विभाग के अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं में भू अर्जन की राशि तत्काल खातों में हस्तांतरित करने की कार्रवाई करें। उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने जल संसाधन विभाग के अंतर्गत सागर एवं छतरपुर जिले में चल रही विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए दिए। संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने जैसीनगर के अंतर्गत जेरा मध्यम सिंचाई परियोजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की ग्राम जेरा जोतपुर मेडकी की अवार्ड पारित होने के उपरांत तत्काल राशि हस्तांतरित करें एवं ग्राम बरखेड़ी गोसाई का अवार्ड की कार्रवाई तत्काल की जावे। इस परियोजना के अंतर्गत 603 हेक्टर भूमि डूब क्षेत्र में आएगी। जिसमें 6245 हेक्टेयर भूमि संचित होगी। संभाग कमिश्नर सुचारी ने जुड़ी मध्यम सिंचाई परियोजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए



की परियोजना के अंतर्गत तहसील बक्सवाहा के ग्राम कैरी कछार की 58 कुटुंब को पुनर्वासन एवं पुनर्स्थापना नीति के तहत राशि भुगतान करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जावे।

सांभाग़ कमिश्नर सुचारी ने बंडा बृहद सिंचाई परियोजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि परियोजना के अंतर्गत 80000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी जिसमें बंडा मालथोन सागर एवं छतरपुर जिला की तहसील बक्सवाहा की भूमि शामिल होगी उन्होंने कहा कि परियोजना के अंतर्गत भू अर्जन की सभी कार्रवाई सुनिश्चित की जावे एवं विस्थापन हेतु विस्थापितों को विस्थापन स्थल पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए एवं तत्काल विस्थापित करने की कार्यवाही करें। उन्होंने हनोता बृहद सिंचाई परियोजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस परियोजना में 40000 हेक्टेयर भूमि खुरई बीना एवं कुरवाई की संचित होगी जिसमें भू अर्जन की कार्रवाई की जावे साथ में पुनर्वासन कॉलोनी निर्माण हेतु कार्य शुरू किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए की बीच दिवस के अंदर सभी पात्र हितग्राहियों की बैंक खाते का परीक्षण करें एवं उनमें राशि हस्तांतरित करने की कार्रवाई की जावे। उन्होंने कहा कि सभी परियोजना में धारा 11, 12 ,17, 19 की कार्रवाई समय सीमा में सुनिश्चित की जाए जिससे कि परियोजना का कार्य भी भू अर्जन के कारण लंबित न हो उन्होंने कहा कि इसी प्रकार 15 दिवस में प्रारूप क एवं ख की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जावे।



# सुदामा-कृष्ण मित्रता की कथा सुन कर भावविभोर हुए भक्त

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में अग्रवाल परिवार द्वारा दादा दरबार प्रांगण रूई बाजार में 22 जनवरी से संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण रूद्राभिषेक का बुधवार को सुदामा मिलन प्रसंग के साथ भव्य समापन हुआ.। कथा के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण और उनके बाल सखा सुदामा के निस्वार्थ प्रेम की कथा सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा वाचक पं श्री पुरुषोत्तम प्रसाद शास्त्री जी भूरे महराज जनकपुर मंदिर पुजारी जी महाराज ने सुदामा चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि सच्ची मित्रता में ऊंच-नीच तथा अमीरी-गरीबी का कोई महत्व नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब दरिद्र अवस्था में सुदामा अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे तो भगवान ने उनका आदर-सत्कार किया और बिना मांगे ही उन्हें समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान किया। कथा के दौरान सुदामा मिलन की झांकी प्रस्तुत की गयी,जिसे देखकर पंडाल "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से गूंज उठा। इस दृश्य को देखकर कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गयी। इस अवसर पर महामंडलेश्वर महंत श्री हरिदास जी जगदीश मंदिर पटेरिया धाम भी कथा का श्रवण करने कथा स्थल पहुंचे जहां कथा के मुख्य श्रोता सहित अग्रवाल परिवार व बड़ी महिलाएं व श्रद्धालु मौजूद रहे। 29 जनवरी गुरुवार के दिन हवन पूजन प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन है।


# खुरई नगर पालिका को मिला उत्कृष्ट कार्य का सम्मान डिप्टी सीएम ने सीएमओ मेहतेले को प्रशस्ति पत्र दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई नगर पालिका को सागर जिले में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। गणतंत्र दिवस पर सागर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सीएमओ राजेश मेहतेले को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

यह सम्मान नागरिक सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रशासनिक दक्षता के लिए दिया गया। नगर पालिका ने सतत विकास के क्षेत्र में भी सराहनीय प्रयास किए हैं। जिले में इसके कार्यों को अनुकरणीय माना गया है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों



को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरे नगर पालिका परिवार की संयुक्त मेहनत, समन्वय और टीम भावना का परिणाम है। सभी ने अपने दायित्वों का निष्ठा और प्रतिबद्धता से निर्वहन किया, जिससे यह सफलता मिली।

मेहतेले ने बताया कि विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, स्वच्छता अभियान, नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और पारदर्शी प्रशासनिक कार्य प्रणाली ने शासन का विश्वास जीता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रशस्ति पत्र भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा।

# बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में थैलेसीमिया एवं सिकल सेल एनीमिया की जांच सुविधा शुरू

**सागर।** बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. पी. एस. ठाकुर द्वारा पैथोलॉजी विभाग के अंतर्गत हाई परफॉरमेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी मशीन का शुभारंभ किया गया। इस मशीन के माध्यम से अब जिले एवं संभाग के मरीजों को थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया एवं अन्य प्रकार के हीमोग्लोबिन विकारों की सटीक जाँच बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में ही निःशुल्क उपलब्ध होगी। गौरतलब है कि बाजार में इस जाँच का मूल्य 1000 रुपये से 1500 रुपये के बीच है। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेश जैन, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अमर गंगवानी एवं मीडिया प्रभारी डॉ. सौरभ जैन सहित विभाग के समस्त चिकित्सक, तकनीशियन एवं एच.ए.सी.एल. के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अमर गंगवानी ने बताया कि इस मशीन द्वारा हीमोग्लोबिन की कमी वाले बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में विभिन्न रक्त विकारों की पहचान हो सकेगी, जिससे उनके उचित उपचार में बड़ी सहायता मिलेगी।

# लीकेज सुधार कार्य के कारण 29 व 30 जनवरी को राजघाट से पेयजल की सप्लाई बंद रहेगी

**सागर।** गुलाब बाबा मंदिर के पास 500 एम एम पीएसी लाइन एवं गोला कुआं पर 500 एमएम की एमएस पाइपलाइन में लीकेज सुधार कार्य हेतु दिनांक 29 एवं 30 जनवरी को राजघाट से पेयजल की सप्लाई बंद रहेगी। जिन स्थानों पर पेयजल सप्लाई 29 तारीख को की जाना है वहां पर पेयजल सप्लाई 31तारीख को एवं 30 तारीख की पेयजल सप्लाई 1 फरवरी को की जावेगी। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने जलप्रदाय शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लीकेज सुधार कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें जिससे नागरिकों को कोई असुविधा न हो।

# मप्र की इस पंचायत में गूंजी नशामुक्ति की गूंज ग्रामीणों ने लिया पूर्ण शराबबंदी का संकल्प

**रहली।** ग्रामीणों ने एकजुट होकर गांव को पूरी तरह नशामुक्त और शराबमुक्त बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पंचायत विजयपुरा से सामाजिक परिवर्तन की एक बड़ी तस्वीर सामने आई है। जहाँ ग्रामीणों ने एकजुट होकर गांव को पूरी तरह नशामुक्त और शराबमुक्त बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। ग्राम पंचायत विजयपुरा में आयोजित एक विशेष बैठक में सरपंच बाबूलाल जारोलिया, भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों और भारी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया। बैठक में ग्रामीणों ने संकल्प लिया किः गांव की सीमा के भीतर न तो कोई शराब बेचेगा और न ही कोई इसका सेवन करेगा। शराब के कारण होने वाली गाली-गलौज और घरेलू कलह पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी। नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई और सामाजिक बहिष्कार जैसे कड़े कदम उठाए जाएंगे। बैठक के पश्चात सरपंच और ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल रहली थाना पहुंचा। यहाँ उन्होंने पुलिस प्रशासन को ग्राम में हुई इस पहल की लिखित जानकारी दी। ग्रामीणों ने स्पष्ट मांग की है कि यदि भविष्य में गांव में कोई भी अवैध रूप से शराब बेचता पाया जाता है, तो पुलिस उस पर तत्काल और कठोरतम कानूनी कार्रवाई करे। इस मुहिम में भगवती मानव कल्याण संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण रही, जिनके मार्गदर्शन में ग्रामीण लंबे समय से नशामुक्ति के लिए जागरूक हो रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि शराब के कारण न केवल आर्थिक हानि होती है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी बर्बाद हो रहा है और गांव की शांति भंग होती है। सरपंच बाबूलाल जारोलिया ने कहा कि बाबूलाल जारोलिया, विजयपुरा को एक आदर्श और नशामुक्त पंचायत बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। इस निर्णय से गांव के विकास को नई गति मिलेगी और महिलाओं व बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिलेगा।












समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
मो.9685194451,9806859222




व्यवहार न्यायालय गढ़ाकोटा द्वारा महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

# बाल विवाह कानूनी दंडनीय अपराध है: अंबर श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में विधिक साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तहसील विधिक सेवा समिति गढ़ाकोटा द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं हेतु किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ. घनश्याम भारती ने की। मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में व्यवहार न्यायाधीश एवं तहसील विधिक सेवा समिति गढ़ाकोटा के अध्यक्ष अंबर श्रीवास्तव रहे, विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जमील कुरैशी थे, अतिथियों में अधिवक्ता डी.पी. लड़िया, बहराम खान, राजाराम कोरी, महेंद्र कुर्मी, अनिल सैनी एवं गढ़ाकोटा थाना प्रभारी शिवम दुबे शामिल रहे।



संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ.भारती ने स्वागत भाषण देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि बालिकाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए विधिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है तथा महाविद्यालय सदैव इस दिशा में सार्थक प्रयास करता रहेगा।

मुख्य अतिथि अंबर श्रीवास्तव ने कहा कि बालिकाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को बताया कि बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव, साइबर अपराध और किसी भी प्रकार की हिंसा कानूनन दंडनीय अपराध हैं तथा ऐसी किसी भी स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन 1098, 100, 112 या पुलिस एवं संबंधित विभागों से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को जागरूक, आत्मविश्वासी और न्याय के प्रति सजग रहने का संदेश दिया तथा कहा कि शिक्षित और सशक्त बालिका ही सशक्त समाज की नींव रखती है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जमील कुरैशी ने बाल विवाह की रोकथाम तथा बाल श्रम की रोकथाम पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में अधिवक्ताओं द्वारा बाल सुरक्षा कानूनों एवं महिला अधिकारों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती शिम्पी मौर्या रहीं तथा मंच संचालन सुश्री आकृति खरे द्वारा किया गया। आयोजन में विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



नाली पर अतिक्रमण बना गंभीर बीमारी की जड़, बच्चे व बुजुर्ग संक्रमित

# कलेक्टर से की नामजद शिकायत फिर भी आवेदन पर कार्रवाई नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

अतिक्रमण की चपेट की वजह से जब नालियां नहीं खुलतीं, तब सवाल उठते हैं, और जब सवाल भी दबा दिए जाएं, तो जिम्मेदारी तय करना जरूरी हो जाता है। क्योंकि अगर जिम्मेदारी तय न की जाए तो इस लापरवाही के भयावय परिणाम सामने आते है। ऐसा ही मामला कलेक्ट्रेट के समीप स्थित बैशाली कॉलोनी से सामने आ रहा है, जहाँ खाली पड़े प्लाटों में जमा हुआ गंदे पानी का साम्राज्य कॉलोनीवासियों के लिए जानलेवा साबित होता जा रहा है। जिसकी वजह से कॉलोनी में गंदगी, बदबू, मच्छरों व बीमारियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।



बिडंबना तो ये है कि जब कॉलोनी वासियों ने उक्त गंभीर समस्या के समाधान के लिए पंचायत कर्मी, तहसीलदार, एसडीएम सहित कलेक्टर तक आवेदन देकर गुहार लगाई लेकिन उक्त समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया।

## नाली पर कब्जा, बच्चों व बुजुर्गों की सेहत दांव पर

कलेक्टर व तहसीलदार को दिए आवेदन में कॉलोनी वासियों ने बताया कि वैशाली नगर की वैध कॉलोनी में सार्वजनिक नाली पर कॉलोनी के ही निवासी महेश चंद दीक्षित, नितिन गुप्ता, विश्व भूषण गुप्ता और धर्मेंद्र तिवारी द्वारा अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसकी वजह से घरों व कॉलोनी का संपूर्ण गंदा पानी नाली से निकासी न हो पाने की वजह से पूरा क्षेत्र दूषित जल के नरक में बदल गया है। कॉलोनी में स्थित खाली कुछ प्लाट में उक्त गंदे पानी ने जमा होकर तालाब का रूप ले लिया है। जिसकी वजह से चारो ओर बदबू फैली रहती है। और मच्छरों व बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। नाली को तोड़कर मिट्टी और पत्थरों से पूरी तरह बंद कर दिया गया, जिससे गंदा पानी कॉलोनी के खाली प्लॉटों में भर गया। यही पानी अब रिसकर नलकूपों और कुओं में मिल रहा है, जिसका खामियाजा कॉलोनी के मासूम बच्चे व बुजुर्ग भुगत रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कॉलोनी में उल्टी-दस्त, त्वचा रोग और बुखार जैसी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं।

**संबंधित पंचायत ने पंचनामा बनाकर समस्या को स्वीकारा लेकिन हल नहीं**

ग्राम पंचायत कुंवरपुरा अंतर्गत आने बाली बैशाली कॉलोनी निवासियों ने जब अपनी उक्त गंभीर समस्या के लिए पंचायत सरपंच अखिलेश विदुआ से बात की उन्होंने कॉलोनी पहुंचकर पंचनामा बनबाया। जिसमें ये स्पष्ट किया गया कि कॉलोनी के ही निवासी महेश चंद दीक्षित, नितिन गुप्ता, विश्व भूषण गुप्ता और धर्मेंद्र तिवारी द्वारा नाली पर अबैध अतिक्रमण कर लिया गया है जिसकी बजह से खाली प्लाट में गंदा पानी जमा हो गया है। जिससे संक्रमण फ़ैल रहा है। उक्त पंचानामा 12 जनवरी को बनाया गया था लेकिन उक्त पंचनामे के आधार पर भी प्रशासन ने कार्यवाही नहीं की।

## कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार सबको आवेदन, फिर भी नाली बंद

उक्त मामले में कॉलोनी वासियों ने नामजद शिकायत करते हुए 28 जुलाई 2025 को कलेक्टर के नाम आवेदन दिया। इसके बाद भी एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के समक्ष लगातार शिकायतें की जाती रही लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। फिर 8 जनवरी 2026 को पुनः एकजुट होकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। गंभीर सवाल यह है कि कई बार लिखित शिकायत के बावजूद जिला प्रशासन अब तक चुप क्यों है? चौंकाने वाली बात यह है कि आज तक न तो अतिक्रमण हटाया गया, न ही दूषित पानी की निकासी की व्यवस्था की गई। जब नागरिकों ने अतिक्रमणकारियों से नाली खोलने की बात कही तो उन्होंने खुलेआम कह दिया कि उनके घर के सामने से पानी नहीं निकलेगा। सवाल यह है कि क्या यह बयान प्रशासन की उदासीनता व लापरवाही का नतीजा नहीं है?

## कॉलोनीवासियों का सब्र दे रहा जवाब, प्रदर्शन की दी चेतावनी

बैशाली कॉलोनी के स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त समस्या को लेकर प्रशासन द्वारा की जा रही लगातार अनदेखी की बजह से अब कॉलोनीवासियों का सब्र जवाब दे चुका है। क्योंकि कॉलोनी में स्थित कुंआ सहित अन्य जलश्रोतो में उक्त गंदा पानी रिसकर मिल रहा है, जिससे पीने का पानी भी दूषित हो रहा है। जिससे संक्रमण भयावय रूप ले सकता है। नागरिकों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि तत्काल उक्त अतिक्रमण हटाकर दूषित जल की निकासी नहीं की गई, तो सभी कॉलोनीवासी कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन व चक्का जाम करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

मनरेगा में बड़ी अनियमितता, अपूर्ण निर्माण को दिखाया गया पूर्ण

# शासन की मंशा नहीं बल्कि पंचायत अपनी मंशा से कर रही कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के जनपद पंचायत जतारा अंतर्गत गोर सेक्टर की ग्राम पंचायत मालपीथा में संचालित मनरेगा योजना इन दिनों गंभीर सवालों के घेरे में है। यहां शासन की मंशा के विपरीत अपूर्ण निर्माण कार्यों को कागजों में पूर्ण दिखाकर भुगतान निकाल लिया गया, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। उक्त अनियमितता को लेकर मालपीथा रोजगार सहायक से अपना पक्ष रखने से हर बार की तरह बचने का प्रयास करते नजर आए। हालांकि जतारा जनपद सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में मनरेगा के अधिकांश निर्माण कार्य जेसीबी व अन्य भारी मशीनों से कराए गए, जो कि नियमों का खुला उल्लंघन है। शासन की मंशा के अनुसार मनरेगा योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार देना है, लेकिन ग्राम पंचायत मालपीथा में शासन की मंशा नहीं बल्कि पंचायत की मंशा के अनुरूप कार्य हो रहा।




जिसके तहत पंचायत में मजदूरों की जगह मशीनों से काम कराया जा रहा और फर्जी मस्टर रोल के जरिए राशि का बंदरबांट किया जा रहा। जबकि रोजगार की कमी के चलते पंचायत का मजदूर वर्ग बड़ी संख्या में पलायन करने को मजबूर है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कई निर्माण कार्य आज भी अधूरे पड़े हैं, इसके बावजूद पंचायत द्वारा उन्हें पूर्णतः पूर्ण दर्शाकर भुगतान निकाल लिया गया। यह न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग है, बल्कि गरीब मजदूरों के हक़ पर सीधा हमला भी है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि मौन साधे हुए हैं, जिससे उनकी भूमिका पर भी संदेह गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक कार्रवाई करता है या फिर मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना यूं ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रहेगी।

### इनका कहना है

हमने ग्राम पंचायत मालपीथा के उपयंत्री को निर्देशित कर दिया है। शीघ्र ही जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**सिद्धगोपाल वर्मा, सीईओ, जनपद जतारा**

## नेशनल मास्टर स्विमिंग चैंपियनशिप में अरविंद करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**ललितपुर।** महाराष्ट्र के पुणे में 28 से 29 जनवरी तक आयोजित होने वाली 8वीं नेशनल मास्टर स्विमिंग चैंपियनशिप में अरविंद कुमार उ.प्र. का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता सुपर मास्टर गेम एण्ड स्पोटर्स फेडरेशन के तत्वावधान में अन्ना साहेब मगर स्विमिंग पूल, नेहरू नगर, पिंपरी-चिंचवाड़ (महाराष्ट्र) में आयोजित की जा रही है। जिले के नदीपुरा निवासी अरविंद कुमार वर्तमान में डीपीआरओ के अंतर्गत ग्राम पंचायत निवाहों (विकास खंड जखौरा) में सफाई कर्मी पद पर कार्यरत हैं। वह अपने 35+ आयु वर्ग में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह उनका नेशनल स्विमिंग मंच पर तीसरा मुकाबला होगा। अरविंद कुमार इस प्रतियोगिता में 100 मीटर फ्री-स्टाइल, 200 मीटर फ्री-स्टाइल तथा 400 मीटर फ्री-स्टाइल स्पर्धाओं में प्रतिभाग करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए वे लगातार कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास कर रहे हैं। उनके चयन पर डीपीआरओ कुंवरसिंह यादव, विभागीय अधिकारियों, सहकर्मियों, ग्राम पंचायत निवाहो के ग्रामीणों तथा खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

कब्बाली मैदान में पेवर्स निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

# पेवर्स निर्माण से मिलेगी धूल से निजातः विधायक यादवेंद्र सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नगर में स्थित बड़े मजार के सामने कब्बाली मैदान में नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ द्वारा कराए जा रहे पेवर्स निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला एवं नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार (पप्पू मालिक) की उपस्थिति में विधिवत रूप से कार्य की शुरुआत की गई। इस अवसर पर बताया गया कि कब्बाली मैदान में पेवर्स निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को विशेष रूप से कब्बाली आयोजन के समय धूल की समस्या से राहत मिलेगी। लंबे समय से मैदान में धूल उड़ने की समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों द्वारा मांग की जा रही थी, जिसे नगर पालिका द्वारा पूरा किया जा रहा है।

## सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है यह कार्य

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह निर्माण कार्य नगर में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक कदम है। मैदान में पेवर्स लग जाने से आयोजन व्यवस्थित होंगे और श्रद्धालुओं व आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में अंकित जैन पिंटू, संजय नायक, सूर्य प्रकाश मिश्रा, रज्जाक सदर, शाहिद खान, सगीर खान, मुमताज अली, बबलू सत्तार बाबा, पत्रकार आमिर खान, हफीज खान, ब्लॉक अध्यक्ष अनीस खान, नीतेश बिलगइयां, नियामत खान, फैज खान, संयम चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्माण कार्य से कब्बाली मैदान की तस्वीर बदलेगी।


कलेक्टर व सीएमओ के सार्थक प्रयासों पर अमल हो रहा शुरू

# तालाबों में नालों का गंदा पानी नहीं बल्कि पहुंचेगा स्वच्छ जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के नालों का गंदा पानी तालाबों में पहुंचकर तालाब का पानी भी दूषित कर देता है। जिसका हल निकालने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय व नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने केंद्र सरकार की एक योजना के तहत पहल करते हुए प्रयास शुरू कर दिए है। जिसमें नाले के गंदे पानी को पहले साफ किया जायेगा और फिर उस पानी को तालाब तक पहुंचने दिया जायेगा। जिसके लिए प्लांट लगाया जा रहा है। जिसकी प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

उक्त योजना के बारे मे जानकारी देते हुए नगर पालिका इंजिनियर दीपक विश्वकर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार की योजना के तहत अब शहर के नालो में वेस्ट




ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाएगा। जिसमें राजधानी भोपाल से स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया होंगी। और टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। चूंकि शहर मे चार बड़े नाले ऐसे हैं जिसका गन्दा पानी तालाबों में जाता हैं। केंद्र सरकार की योजना के तहत अब इन नालो में वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जायेगा, जिसमें गंदे पानी को साफ किया जायेगा और फिर तालाबों में साफ पानी पहुंचाया जाएगा। उक्त योजना कार्य लगभग 32 करोड़ रूपये की लागत से किया जायेगा। जिसका डीपीआर नगर पालिका इंजिनियर दीपक विश्वकर्मा द्वारा नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मालिक, सीएमओ ओमपाल सिंह के मार्गदर्शन में तैयार कराया गया है।

अब सिर्फ भोपाल से उक्त कार्य की स्वीकृति मिलना शेष है। नगर पालिका इंजिनियर दीपक विश्वकर्मा ने बताया की उक्त कार्य योजना मे नगर से महाराजपुरा पहुंचने बाला नाला, बृंदाबन तालाब से गुजरने बाला नाला, इंद्रपुरी कलेक्टर बंगला के पास का नाला एबं पुरानी टेहरी से बृंदाबन तालाब पहुंचने बाला नाला शामिल हैं जिसमें से तीन नालो के अंत में वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाएगा जिससे गन्दा पानी साफ होकर तालाबों में पहुंचेगा। और तालाब का पानी दूषित नहीं होगा।

## चाकू व फरसा से युवक पर किया जानलेवा हमला

**ललितपुर।** नई बस्ती पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधीनगर में रहने वाली मीरादेवी कोरी पत्नी परशुराम ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका 22 वर्षीय भान्जा अजय उर्फ राजेन्द्र पुत्र बाला प्रसाद उसके साथ ही रहता है। गणतंत्र दिवस के दिन 26 जनवरी को उसका भान्जा अजय घर का सामान लेने के लिए बाजार में दुकान पर जा रहा था। अपराह्न करीब 1.30 बजे वह जैसे ही गौड़ बाबा मंदिर के पास पहुंचा तो वहां पहले से घात लगाये बैठे आमिर पुत्र आबिद खां व उसके एक अज्ञात साथी ने उस पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया और फरसा से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए हमला कर दिया। इस हमले में चाकू व फरसा लगने के कारण अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी उसे हुयी तो वह मौके पर पहुंची, जहां उसका भान्जा खून में लथपथ घायलावस्था में पड़ा था, जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुयी है और उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आमिर व अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

सड़क पर सरेराह दबंगई, लाठियों से हमला, गाड़ियां तोड़ीं

# नामजद आरोपियों पर गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

जिले के पलेरा थाना क्षेत्र में खुलेआम दबंगई और हिंसा का मामला सामने आया है। बीच सड़क पर सरेराह लाठी-डंडों से हमला कर गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई। उक्त मामले में फरियादी के आवेदन पर पलेरा पुलिस ने 5 नामजद आरोपियों के विरुद्ध 7 गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

फरियादी गणेश विश्वकर्मा ने पलेरा थाना पुलिस में दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि 27 जनवरी की रात लगभग 11 बजे वह अपने साथी भगवान सिंह के साथ स्कॉर्पियो वाहन से घर लौट रहा था, तभी रास्ते में आरोपियों ने गाड़ी रोककर हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया। वाहन के शीशे, हेडलाइट और बॉडी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया। और मारपीट कर मौके पर दहशत फैलाते हुए धमकियां दीं। इस हमले में भगवान सिंह को सिर में गंभीर चोट आई, जिन्हें बाद में इलाज के लिए शासकीय अस्पताल ले जाया गया। वाहन क्षति से करीब 2 लाख रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है। पुलिस ने आरोपी दीपेंद्र सिँह बुंदेला, प्रताप सिंह बुंदेला, ऋषि सेंगर, नाती राजा बुंदेला और विशाल शर्मा के बिरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। उक्त घटना सिर्फ मारपीट नहीं, बल्कि संगठित हिंसा का मामला नजर आ रहा है। अब नजर इस पर है कि पुलिस कार्रवाई कितनी तेज़ और प्रभावी होती है।

सांस्कृतिक आयोजन में अनोखा चित्रण देख लोग हुए मंत्रमुग्ध

# गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में हुआ रामायण का संक्षिप्त चित्रण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

जनपद स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहली बार अनोखा प्रयोग हुआ, जिसे देखकर दर्शक, छात्र छात्राओं सहित अधिकारीगण भी मंत्रमुग्ध हो गए। ऐसा आयोजन जिले में पहली बार हुआ है। अनोखे आयोजन को देख लोगों ने आयोजकों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पलेरा जनपद स्तर पर सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में इस बार अनोखा प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण रामायण को संक्षिप्त रूप में शानदार तरीके से प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रस्तुति ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं का मन मोह लिया। यह कार्यक्रम शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिस पर उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं द्वितीय स्थान पर माध्यमिक विद्यालय गंज मुहल्ला रहा। इसके अलावा तृतीय स्थान पर शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा द्वारा गणतंत्र के महत्व पर भाषण में अनन्या यादव रहीं। गणतंत्र दिवस के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत पलेरा कीं अध्यक्ष शिल्पी अतुल खटीक, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंग्या, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील खटीक, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रानू तिवारी, पार्षद मुकेश यादव, अनिल कुमार खटीक, बृजकिशोर कुशवाहा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पटेरिया आदि मौजूद रहे।

कानून व्यवस्था की समीक्षा करने हुई पुलिस व प्रशासन की संयुक्त बैठक

# खरगापुर की संवेदनशील परिस्थिति जांचने पहुंचे एसपी-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

खरगापुर में जमीनी विवाद के चलते हुई हत्या मामले के चलते क्षेत्र में बनी हुई स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था को दुरुस्त बनाने की पहल की गईं। जिसके चलते कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय व पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने क्षेत्र का संयुक्त रूप से भ्रमण किया और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई एवं कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने संयुक्त रूप से थाना खरगापुर का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों, एसडीएम बलदेवगढ़, तहसीलदार खरगापुर





सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य खरगापुर थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था की वर्तमान स्थिति का समग्र अवलोकन करना और आगामी आवश्यक कदमों के माध्यम से कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना था। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई एवं कलेक्टर श्रोत्रिय ने उपस्थित अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, नागरिक सुरक्षा तथा पुलिस प्रशासन में पारदर्शिता बनाये रखने के लिये स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके अतिरिक्त, पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा खरगापुर थाना में उपलब्ध बलवा ड्रिल सामग्री की समग्र समीक्षा की गई तथा पुलिस बल के साथ संवाद स्थापित कर उनकी कार्य स्थिति, आवश्यकताएँ और सुझावों को सीधे सुना गया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को उनके समर्पित कार्य के लिए सराहा और अनुशासन तथा दक्षता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। इस निरीक्षण के माध्यम से जिला प्रशासन और पुलिस विभाग यह पुख्ता करना चाहता है कि खरगापुर क्षेत्र में कानून और व्यवस्था का स्तर उच्चतम मानक पर बना रहे। और नागरिकों को सुरक्षित एवं विश्वासपूर्ण वातावरण उपलब्ध हो। क्षेत्र में कोई अप्रिय स्थिति न बन सके। जिसके लिये पुलिस व प्रशासन दोनों संयुक्त रूप से स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।

### पार्किंग के अभाव में सड़कों पर खड़ी बाइकें बिगाड़ रही शहर का मिजाज

# शहर में जाम से चरमराया जन जीवन, बाजार में रेंग रहा यातायात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इन दिनों शहर के बाजारों में जाम लगने जैसी स्थिति का रोजाना सामना करना आम बात हो गई है, लोगों को जाम से रंग कर गुजरने की आदत सी पड़ गई है। जाम लगने के दौरान पूर्व नपाध्यक्ष मीरा रमेश गर्ग भी नागरिकों को खूब याद आती हैं, जिन्होंने लक्चर यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए न सिर्फ स्थाई अतिक्रमण हटाने की मुहिम को अंजाम दिलाया था, बल्कि सुगम यातायात बनाने के उद्देश्य से ठोस प्लानिंग भी की थी, लेकिन वर्तमान परिषद तो स्थाई अतिक्रमण हटाना तो दूर बाजार बाजार में दुकानों के आगे खड़ी बाईकें भी नहीं हटा पा रही है।

तत्कालीन नपाध्यक्ष मीरा रमेश गर्ग की परिषद ने नगर पालिका से सुबात चौराहा और गणेश बाजार, पुल दरवाजा तक दोनों ओर से करीब 5-5 फीट पक्के भवनों को तोड़कर सड़क का चौड़ीकारण किया था तब 10 फीट चौड़ी हुई यह सड़क पर आज जब भी जाम लगता है तो लोग यह कहते हुए पूर्व नपाध्यक्ष को यह कहते हुए याद करते हैं कि अगर वह सड़क का चौड़ीकरण नहीं कराती तो स्थिति न जाने क्या होती, पूर्व नपाध्यक्ष ने यातायात को सुगम बनाने के लिए भी प्लानिंग की थी, लेकिन वह प्लानिंग अर्थ लाभ की न होने के चलते अमल में नहीं आ सकीं खास कर पार्किंग विकसित करने की प्लानिंग।




### दुकानों, बैंकों के पास नहीं पार्किंग व्यवस्था

शहर में यातायात कि सबसे अधिक समस्या पार्किंग सुविधा के न होने के कारण आ रही है। नगर पालिका ने शहर में ऐसा कोई स्थल विकसित नहीं किया जहां लोग अपनी वाहनों को पार्क कर सकें। मजबूरी में समान खरीदारी करने बाजार आने वाले लोगों को बाइक और चार पहिया वाहन भी वही खड़े करने पड़ते हैं जहां से वह खरीदारी करते हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि एक दर्जन के करीब शहर के भीतर बैंक संचालित है इनमें से एक भी बैंक के पास अपने पार्किंग स्थल नहीं है। ग्राहक और बैंक कर्मचारी खुद अपने वाहनों को रोड पर खड़े कर यातायात जाम कर रहे हैं। इस संबंध में प्रशासन ने कई बार पार्किंग बनाने के लिए बैठक की लेकिन यह कवायद सिर्फ बैठक तक ही सीमित रही है।

### प्रशासक की योजना भी चली गई ठंडे बस्ते में

तत्कालीन कलेक्टर राकेश श्रीवास्तव के प्रशासक काल के दौरान नगर पालिका में शहर में यातायात का दबाव कम करने के उद्वेश्य से कुछ आंतरिक बाय पास बनाने की प्लानिंग की थी इसके लिए जिला अस्पताल के सामने से ईदगाह रोड, किला गेट, भैंस पड़ा, मछली मार्केट, पुल दरवाजा होते हुए शिवपुरी से आने वाले वाहनों को बंजारा डैम से आगे निकालने की प्लानिंग थी, उधर पाली रोड से बड़ौदा की रोड आने जाने वाले वाहनों को वार्ड क क्रमांक 10 नहर के पास से ओम कबीर आश्रम के सामने बड़ौदा रोड पर निकाले जाने की जो प्लानिंग की थी इस प्लानिंग पर जब तक कलेक्टर श्रीवास्तव रहे तब तक तो काम हुआ लेकिन उनके जाने के बाद प्लानिंग ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

### इनका कहना है


बाजार में दुकानों के आगे बाइक लगाकर यातायात अवरुद्ध करने वाले दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी जो संस्थान अपने यहां पार्किंग विकसित नहीं करेंगे उनके खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाई करेंगे। नगर पालिका ने कई स्थानों पर पार्किंग स्थल विकसित किए हैं नागरिक अपने वाहनों को उन्हीं स्थानों पर खड़ा करें।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

### क्षेत्रीय मीणा समाज की नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ, समाज हित में कई निर्णय लिए

# विवाहिता का परित्याग करने वाले परिवार को दंडित करेगा मीणा समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



समाज की विवाहिता महिला का परित्याग करने वाले परिवार को अब न सिर्फ सामाजिक स्तर पर दंडित किया जाएगा,बल्कि उस घर में समाज का कोई भी व्यक्ति अपनी बेटी की शादी नहीं करेगा।

यह निर्णय क्षेत्रीय मीणा समाज श्योपुर की बीते रोज सलापुरा स्थित मीणा समाज छात्रावास पर आयोजित हुई नवीन कार्यकारिणी की पहली बैठक में सर्व सम्मति से लिया गया। इस बैठक में समाज के नए अध्यक्ष हंसराज मीणा सहित अन्य सभी नवीन कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ लेते हुए पदभार भी ग्रहण किया। इसके पूर्व समाज के नव नियुक्त अध्यक्ष हंसराज मीणा ने छात्रावास परिसर में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण भी किया। इसके बाद समाज की बैठक में समाज हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए।

मीणा समाज श्योपुर के उपाध्यक्ष महावीर सिंह मीणा ने बताया कि समाज की बैठक में उपस्थित समाजीय लोगों ने समाज में व्याप्त विभिन्न प्रकार की कुरूतियों को दूर करने, नशा न करने, किसी भी मृत्युभोज में न जाने,समाज की विवाहिता का परित्याग करने वाले समाजीय व्यक्ति के परिवार को दंडित करने और उस परिवार में बेटी की शादी नहीं करने जैसे कई निर्णय लिए गए है। इसके साथही रामलखन मीणा बछेरी को बडौदा क्षेत्र का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया, जो कि बडौदा छात्रावास निर्माण का काम भी देखेगे। समाज की इस बैठक में पूर्व अध्यक्ष तुलसीनारायण मीणा सहित बडी संख्या में समाजीय लोग मौजूद थे।

### सोंठवा में हिंदू सम्मेलन आयोजित,हिंदू समाज की एकता को मजबूत करने पर दिया जोर

# स्वदेशी अपनाकर हम अपने गौरवशाली अतीत को वापस ला सकते हैं:अभिजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



स्वदेशी का अर्थ मात्र घर परिवार की चारदीवारी तक ही सीमित नहीं है। सामाजिक अर्थव्यवस्था के अंतर्गत हमारा व्यापार, वाणिज्य, छोटे से छोटा तबका और सरकारी नौकरियों में अधिकारी पद से लेकर उद्योगपतियों तक की जीवन शैली को भारतीय संस्कारों में ढालना ही स्वदेशी है। इसके अलावा संघ द्वारा राष्ट्रहित में सुझाए गए पंच परिवर्तन को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाए।

यह बात आरएसएस के जिला प्रचारक अभिजीत मिश्रा ने बुधवार को सोंठवा में आयोजित मंडल स्तरीय हिंदू सम्मेलन को मुख्य वक्ता की आसंदी से संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि स्वदेशी अपनाकर ही हम अपने गौरवशाली अतीत को वापस ला सकते हैं। जहां तक संभव हो अपने जीवन में पहले देसी, फिर स्वदेशी और मजबूरी में विदेशी सिद्धांत को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी एक जीवन शैली है, जिसके अंतर्गत समस्त भारतीय संस्कृति के मानवीय मूल्य प्रतिबिंबित होते हैं। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान संत श्री गोपाल दास महाराज नौनार सरकार ने जातिवाद को हिंदू समाज की आंतरिक कमजोरी बताया। उन्होंने सनातन संस्कृति की रक्षा, सामाजिक समरसता और संगठन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए हिंदू समाज की एकता को मजबूत करने पर जोर दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा तेजाजी चौक से शुरू हुई। कलश यात्रा के साथ चल रही झांकी खासी आकर्षण का केन्द्र रही। गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान भगवान श्री राम, भारत माता की जय,हिंदू हिंदू भाई जैसे नारे खूब गूंजाएमान हो रहे थे। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के संयोजक हरिमोहन मीणा, हरिदास महाराज, दीनबंधू महाराज, प्रभु लाल योगी, पंडित देवीशंकर शर्मा, तुलसी नारायण मीणा सहित बडी संख्या में गांव के सभी जाति समाज के लोग मौजूद थे।

# सड़क हादसे रोकने यातायात पुलिस ने लगाए रेडियम रिफ्लेक्टर, 42 वाहनों के बनाए चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



यातायात थाना पुलिस ने सडक हादसों को रोकने की दिशा में कार्रवाई करते हुए बुधवार को जहां अंधे मोड, पुल पुलिया और गोवंश के सींगों पर रेडियम रिफ्लेक्टर'लगाए। वहीं ट्रैफिक नियम तोडकर वाहन चला रहे 42 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए उसने जुर्माना वसूला गया।

ट्रैफिक थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सडक हादसे रोकने के उद्देश्य से बुधवार को अभियान चलाते हुए शहर के शिवपुरी रोड, पटेल चौक, पाली रोड, बाईपास तथा शहर के अन्य प्रमुख मार्गों पर निराश्रित गोवंश के सींगों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। ताकि रात्रि के दौरान इन गोवंश के कारण कोई हादसा घटित न हो सके। वहीं शिवपुरी रोड पर इको सेंटर, बावंदा नाला, कलमी, गोरस, कराहल घाटी के आसपास के स्थित हाइवे के अंधे मोड़ पुल,पुलिया, सड़क से सटे वृक्षों तथा रेलिंग आदि पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। जिससे कि यह स्थान रात्रि के दौरान वाहन चालको को दूर से ही नजर आ सके। इसके अलावा शहर के पाली रोड, खातौली रोड पर वाहन चेकिंग करते हुए उन वाहन चालको के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई, जो यातायात नियमो को तोडते हुए वाहन चला रहे थे। इस दौरान 42 वाहन चालकों के खिलाफ यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर चालानी कार्रवाई करते हुए उनसे 24600रूपए का जुर्माना वसूला गया।

### ढोढर पुलिस की कार्रवाई से रेत माफिया में हड़कंप



श्योपुर। ढोढर थाना पुलिस ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध रेत से भरी एक बिना नंबर की ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इस क्षेत्र में चोरी छिपे रेत कारोबार में लिप्त बने रेत माफिया में हडकंप मच गया है। ढोढर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि पुलिस कप्तान के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। मुखबिर की सूचना पर इस अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछा कर पकडा है और जिसे राकेश पंकज पुत्र प्रेम कुमार पंकज निवासी राडेप थाना आवदा चला रहा था। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वोट चोरी के मामले में अब 11 फरवरी को होगी नपाध्यक्ष की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नपाध्यक्ष रेनू राठौर के खिलाफ वोट चोरी कर परिषद गठित करने के मामले में हाई कोर्ट खंडपीठ ग्वालियर ने बुधवार को फिर तारीख बढ़ा दी है। अब इस मामले में कोर्ट 11 फरवरी को सुनवाई करेगी।

नपाध्यक्ष रेनू राठौर के निर्वाचन को पार्षद सुमेर सिंह ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल करने का आरोप लगाते हुए याचिका हाईकोर्ट में लगाई थी। पार्षद सुमेर वकील के माध्यम से अदालत को बताया है कि रेनू राठौर के निर्वाचन के लिए जो चार टेंडर वोट डाले गए थे वह नियम विरुद्ध थे। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बीच नपाध्यक्ष रेनू राठौर को अदालत का फैसला न आने तक पावर लेस घोषित कर दिया था जिसके बाद वह पहले डबल बेंच में और फिर सुप्रीम कोर्ट में अपील करने पहुंची थी लेकिन वहां भी राहत नहीं मिलने पर वापस सिंगल बेंच में अदालत में आ गई यहां कई तारीख लग चुकी हैं लेकिन जिस तरह कोर्ट जल्द जल्द पेशी लगा रही है उससे प्रतीत हो रहा है कि कोर्ट इस मामले को जल्द निपटना चाहती है। बुधवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने अगली तारीख 11 फरवरी लगा दी है।

### मायके में गई पत्नी, पति ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**श्योपुर**। विजयपुर कस्बे के थाना मोहल्ला में कोक सिंह कुशवाह 52 वर्ष ने अपने घर के कमरे में रात्रि के दौरान पत्नी की साडी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस समय फांसी लगाई,उस समय कमरे में कोक सिंह अकेला था,क्योकि उसकी पत्नी एक बच्चे के साथ मायके इंदौर चली गई है। वहीं एक बेटा बेंगलौर में काम करता है। जबकि दोनो बेटियों की शादी कर दी है। इस घटना का पता बुधवार को तब चला,जब सुबह 10 बजे तक भी कोक सिंह के घर से बाहर नहीं निकलने पर उसके भाईयों ने खिडकी से झांककर देखा तो वह कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका हुआ था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची विजयपुर थाना पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर विजयपुर अस्पताल में लाकर उसका पीएम करवाया। विजयपुर थाने के एसआई एमएस कंषाना ने बताया कि फिलहाल मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही फांसी लगाए जाने के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# पूर्व विधायक ने किया ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रजराज सिंह चौहान ने बुधवार को ढोढर क्षेत्र में ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित क्षेत्र में सर्वे कराकर आरबीसी के तहत किसानों को मुआवजा राशि एवं फसल क्लेम दिलाने की मांग कलेक्टर अर्पित वर्मा मोबाइल से कॉल लगाकर की।

ढोढर ग्राम पंचायत के सरपंच नारायण गोयल, भाजपा नेता भानु प्रसाद शर्मा, जितेंद्र तोमर, पप्पू कुशवाह आदि के साथ ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों का जायजा लेने ढोढर क्षेत्र में पहुंचे पूर्व विधायक चौहान को कई जगह सरसों की फसल खेत में गिरी पड़ी दिखाई दी। सरपंच गोयल ने उन्हें बताया कि ढोढर खोजीपुरा क्षेत्र में एक पट्टी में ओलावृष्टि से अधिक नुकसान हुआ है। ओलो कि मार से सरसों की फलियां टूटकर गिर गई हैं। गेहूं और चना में भी नुकसान हुआ है पर सरसों में अधिक नुकसान देखने को मिला है। पूर्व विधायक चौहान ने मौके पर से ही कॉल लगाकर कलेक्टर अर्पित वर्मा को ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त हुई फसल की जानकारी दी और सर्वे कराकर आरबीसी के तहत मुआवजा दिलाने मांग की।

### नपा ने जयस्तंभ स्थित अपनी ही बिल्डिंग पर चलाया हथौड़ा

# शहर में हो रही चर्चा, अतिक्रमण हटाने के नाम पर कहीं बेच तो नहीं डाली धरोहर?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर का हृदय स्थल माने जाने वाले जय स्तंभ पर बनी नगर पालिका की पुरानी बिल्डिंग जिसमें करीब 50 साल तक मुक्तिबोध वाचनालय एवं पुस्तकालय के साथ-साथ आयुर्वेद हॉस्पिटल संचालित हुआ और उसके बाद यहां पर टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित किया गया। दूर संचार विभाग के साथ हाईकोर्ट में समझौता के आधार पर खाली हुई इस बिल्डिंग को नपाध्यक्ष ने बेचे जाने की कवायद भी की थी लेकिन पार्षदों की असहमति के कारण बिल्डिंग को बेचा नहीं जा सका था अब उक्त बिल्डिंग को तोड़े जाने के कार्रवाई की जा रही है जिससे लोगों में चर्चा है कि क्या नगर पालिका ने परिषद की सहमति के बिना बिल्डिंग को बेच तो नहीं दिया या फिर कोई परिषद ने ऐसा कोई ठहराव पास तो नहीं कर लिया जिसकी जानकारी नगरवासियों को हो ही नहीं। मौके पर नगर पालिका कर्मचारियों का मौजूद न रहना भी इस शक को बढ़ावा दे रहा है।

विगत दिनों प्रशासन ने जय स्तंभ से जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर वाले रोड तक लगी नगर पालिका की 26 गुमठियों और स्थाई अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के कार्यवाही की थी तब बताया गया था कि एनएचआई द्वारा सड़क निर्माण के लिए उक्त दुकानों को हटाया जा रहा है हालांकि इस मामले में दुकानदारों ने अपना पक्ष रखते हुए विस्थापन की मांग की थी लेकिन उनकी मांग को नजर अंदाज कर दिया गया था। अब इस मामले में एक और पेंच तब जुड़ता दिखाई दिया जब 100 साल पुरानी शहर की धरोहर को मजदूर तोड़ते दिखाई पड़े। यह बिल्डिंग क्यों तोड़ी जा रही है। इसे नपा तोड़ रही है या कोई निजी व्यक्ति इसे तोड़ रहा है फिलहाल यह जानकारी देने वाला कोई मौके पर नहीं है। लेकिन इस बिल्डिंग को तोड़े जाने के पीछे लोग इसे बेचने की भी आशंका जता रहे हैं। ज्ञात हो कि बीते कुछ माह पहले नपाध्यक्ष रेनू राठौर ने उक्त बिल्डिंग को बेचे जाने के लिए परिषद में प्रस्ताव रखा था लेकिन पार्षदों ने सर्वसम्मति से नगर पालिका अध्यक्ष के उक्त प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह जमीन शहर की अमानत है और नगर पालिका की धरोहर है यहां विकास कार्य कराया जाए ना कि इसे बेचा जाए। अब इस बिल्डिंग को तोड़े जाने के पीछे रहस्य क्या है फिलहाल कोई बताने को तैयार नहीं है।




### शॉपिंग मॉल बनाने का भी लिया था निर्णय

दौलत राम गुप्ता के अध्यक्ष रहते हुए इस बिल्डिंग को शॉपिंग मॉल के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया था तब प्रशासन के सहयोग से यह तय किया गया था कि जय स्तंभ से पुरानी पुलिस लाइन के सामने राम तलाई हनुमान मंदिर रोड तक जो सरकारी बिल्डिंग अन्य अनुपयोगी बिल्डिंग बनी हुई हैं उन्हें तोड़कर शॉपिंग मॉल बनाया जाए इसके लिए गांधी मार्केट की दुकानें भी तोड़कर शॉपिंग मॉल शामिल कि जानी थी। गांधी मार्केट से सटे पीडब्ल्यूडी का वर्कशॉप और पीडब्ल्यूडी की ही बिल्डिंग जिला पंचायत अध्यक्ष भवन को भी नगर पालिका को हैंडोवर करने को तैयारी हो गई थी। तब यहां बहु मंजिला शॉपिंग मॉल बनाने की योजना थी और यह योजना मीरा मीरा रमेश गर्ग की परिषद के समय भी चर्चा में आई लेकिन अमलीजामा नहीं पहन सकी।

### गजानंद माधव से जुड़ी यादें

जिस बिल्डिंग को नगर पालिका तोड़ रही है बिल्डिंग इसलिए ऐतिहासिक थी कि इसका निर्माण 100 साल से भी अधिक समय पहले सिंधिया रियासत काल में हुआ था और इस बिल्डिंग को शायद तब हुकूमत ने किसी खास उद्देश्य से बनाया था सर्व सुविधा युक्त इस बिल्डिंग में पहले आधे हिस्से में मुक्तिबोध वाचनालय एवं पुस्तकालय संचालित किया जाता था जो शहर में पैदा हुए देश के प्रसिद्ध कवि गजानंद माधव मुक्तिबोध के नाम पर नामकरण किया गया था उनकी यादें इस वाचनालय से जुड़ी हुई थी उनकी कई साहित्य से जुड़ी किताबें वाचनालय में मौजूद थी वाचनालय में रोजाना अखबार मैगजीन पढ़ने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते थे ज्ञानवर्धक पुस्तक भी मिलती थी। और दूसरे हिस्से में आयुर्वेद अस्पताल संचालित होता था बाद में इस बिल्डिंग को जनहित को ध्यान में रखते हुए टेलीफोन एक्सचेंज को किराए पर दिया गया था वाचनालय और औषधालय नगर पालिका भवन में पहुंचा दिया गया लेकिन उसके बाद नपा प्रशासन का इस ओर से हमेशा के लिए ध्यान खत्म हो गया और यह दोनों ही उपलब्धियां खत्म कर दी गई।

### इनका कहना है....

बिल्डिंग बहुत पुरानी है और जर्जर हो चुकी है जो कभी भी गिरकर जनहानि का कारण बन सकती थी। हाई कोर्ट में भी बिल्डिंग को जर्जर बताकर खाली कराया गया था। संभावित दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य बिल्डिंग को गिराया जा रहा है इसे ना तो बेचा गया है और ना ही यहां कोई निर्माण की फिलहाल प्लानिंग की गई है।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

# चंबल नहर में गिरी बिजली कंपनी की गाड़ी एई ने तैरकर बचाई जान,ड्राइवर लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ढोढर थाना क्षेत्र में बीती रात को चांदीपुरा के पास बिजली कंपनी की एक गाड़ी चंबल नहर में गिर गई जिसमें सवार एई प्रेम कटारे और ड्राइवर मौजूद बताए जा रहे हैं। एई कटारे ने तो किसी तरह तैरकर जान बचा ली जबकि ड्राइवर फिलहाल लापता है। जिसकी तलाश पुलिस और एसडीआरएफ की टीम के द्वारा चंबल नहर में की जा रही है।

जानकारी के अनुसार विजयपुर क्षेत्र में पदस्थ बिजली कंपनी के एसटीएम सहायक यंत्री प्रेम कटारे क्षेत्र का भ्रमण कर बाय केनाल वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में कोहरे के कारण घुमाओ दिखाई नहीं पड़ने से उनकी गाड़ी चंबल नहर में कूद गई। इस समय चंबल नहर में पानी फुल चल रहा है जिससे गाड़ी भी पानी में तैरने लगी हालांकि एई कटारे तो किसी तरह गाड़ी का गेट खोल कर बाहर निकलने में सफल हो गए और तैरकर अपनी जान बचा ली पर मगर गाडी चला रहा रिंकू राठौर कहां है इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। सूचना मिलने पर बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने एई कटारे को तो जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कर दिया और ड्राइवर कि तलाश शुरू कर दी लेकिन रात होने के कारण अधिक तलाशी नहीं हो सकी और बुधवार की सुबह चंबल नहर में डूबी गाड़ी को क्रेन की सहायता से बाहर भी निकाल लिया लेकिन उसमें भी गाडी चला रहा रिंकू नहीं दिखाई दिया अब वह तैरकर निकल गया है या फिर पानी में बह गया है इसके की जानकारी भी नहीं मिल रही है।

### इनका कहना है...

चंबल नहर में गिरी गाडी तो क्रेन के जरिए बाहर निकाल ली गई है।लेकिन गाडी चला रहा रिंकू अभी नहीं मिला है। जिसकी चंबल नहर में तलाश करवाई जा रही है।

**राकेश शर्मा**
**थाना प्रभारी,ढोढर**

## खबर संक्षेप

### उधना-अयोध्या कैंट के मध्य चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, बीना रहेगा स्टॉपेज

**बीना।** रेलवे के द्वारा उधना-अयोध्या कैंट के मध्य अस्थाई रूप से साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, जिसका स्टॉपेज बीना रहेगा। जिसका लाभ अयोध्या आने-जाने वाली यात्रियों को मिलेगा। जन संपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 09093 उधना-अयोध्या कैंट साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को उधना से सुबह 7.25 बजे प्रस्थान कर मंडल के बीना रात 10 बजे पहुंचकर दूसरे दिन सुबह 10.30 बजे अयोध्या कैंट पहुंचगी। यह स्पेशल ट्रेन उधना से 13 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगी। इसी प्रकार वापसी में ट्रेन नंबर 09094 अयोध्या कैंट-उधना साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक शनिवार को अयोध्या कैंट से दोपहर 2.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन मंडल के बीना 3.20 बजे पहुंचकर उधना स्टेशन पर शाम 5.15 बजे पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन अयोध्या कैंट से 14 फरवरी से 28 मार्च तक चलेगी। ठहराव स्टेशन- यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ और बाराबंकी स्टेशनों पर रुकेगी।

### मिक्सर और ट्रैक्टर के बीच फंसे मजदूर की मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत सडक निर्माण कंपनी के मिक्सर प्लांट पर मशीन को पीछे करते समय एक युवक ट्रेक्टर और मशीन के बीच में फंस गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई, यह युवक प्लांट पर ही काम करता था। मृतक शिव कुमार पुत्र वीरेन्द्र सिह यादव उम्र 30 वर्ष है जो ग्राम बंधी का रहने वाला था। घटना को लेकर परिजनों ने नाराजगी जताई, युवक की मौत के बाद बहादुरपुर के अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस इस मामले की जांच करने में जुटी है कि आखिर यह घटना कैसे हुई है।

### मध्याह्न भोजन में हुए प्रभारी मंत्री शामिल

**अशोकनगर।** गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के पश्चात मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला जनपद पंचायत अशोकनगर अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय भादोन पहुंचकर मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस.सिसौदिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव सहित अधिकारीगण, शिक्षक, छात्र- छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### मयंक जैन राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित

**अशोकनगर।** जिले के प्रतिभाशाली युवा और प्रख्यात शिक्षाविद मयंक जैन ने राष्ट्रीय पटल पर अशोकनगर का गौरव बढ़ाया है। राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित जयपुर इंटरनेशनल सेंटर के भव्य सभागार में 26 जनवरी 2026 को आयोजित एक गरिमामय समारोह में उन्हें प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2026 से विभूषित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान, शोध कार्यों में सक्रियता और समाज सेवा के प्रति अटूट समर्पण के लिए प्रदान किया गया है। मयंक जैन विगत 10 वर्षों से अलीगढ़ की प्रतिष्ठित मंगलायतन यूनिवर्सिटी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### मावठे की वर्षा के बाद मौसम मे टंडक घुली

**अशोकनगर।** जिले में मावठे की वर्षा होने के बाद मौसम ठण्डा हो गया है। दिन में और शाम को दो बार वर्षा हुई। मौसम ठण्डा होने के बाद ठण्ड ने अपना असर दिखाना प्रारंभ कर दिया है। अभी तक लोग यह समझ रहे थे कि ठंड के मौसम की विदाई हो गई है उनका यह सोचना गलत सावित हुआ। इस बार यह मावठे की पहली वर्षा है। जिसके बाद लोगों ने अपने गर्म कपड़ों को निकाल लिया है।





विधायक के नेतृत्व में ऐतिहासिक रन फॉर नेशन मिनी मैराथन हुई संपन्न, विजेताओं को सम्मानित कर दिए इनाम

# एक किमी मैराथन में 1250 से अधिक दौड़े महक, अर्पिता और चाहत ने जीते पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गणतंत्र दिवस के पूर्व शहर में मिनी मैराथन आयोजित की गई। मिनी मैराथन का आयोजन विधायक निर्मला सप्रे के मार्गदर्शन में गांधी तिराहा से सर्वोदय चौराहा तक आयोजित की गई। करीब 1 किलोमीटर की दौड़ में 1250 प्रतिभागियों ने सहभागिता कर राष्ट्रप्रेम, अनुशासन एवं स्वास्थ्य जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। जिसमें बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता में अंडर-17 गर्ल्स वर्ग में महक चढ़ार प्रथम, अर्पिता ठाकुर द्वितीय एवं चाहत यादव तृतीय स्थान पर रहीं।

अंडर-17 बॉयज़ में हार्दिक जैन प्रथम, उमंग चढ़ार द्वितीय तथा निमित जैन तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-14 बॉयज़ में अभि राजपूत प्रथम, राघव यादव द्वितीय एवं मनीष कुशवाहा व पवन राय संयुक्त रुप से तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-14 गर्ल्स में खुशबू चढ़ार प्रथम, वर्षा अहिरवार द्वितीय एवं वैष्णवी कुशवाहा तृतीय स्थान पर रहीं। ओपन गर्ल्स वर्ग में आस्था रजक प्रथम रहीं, जबकि ओपन मेंस वर्ग में अमन यादव प्रथम, प्रताप घोशी द्वितीय एवं रूपेश अहिरवार तृतीय रहे। वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष से अधिक) वर्ग में डॉ. रामनाथ प्रथम एवं विनोद भोरी द्वितीय रहे। समापन अवसर पर सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। ऐतिहासिक मिनी मैराथन ने बीना शहर को राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता एवं स्वास्थ्य जागरूकता के सूत्र में बांधते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी संदेश छोड़ा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि रन फॉर नेशन जैसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक की सहभागिता यह दर्शाती है कि बीना एक जागरूक एवं सक्रिय विधानसभा है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं तथा स्वस्थ भारतझ्रसशक्त भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हैं।



### गोमती नंदन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने खेलो एमपी में किया शानदार प्रदर्शन

**बीना।** गोमती नंदन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने खेलो एमपी के अंतर्गत वॉलीबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिताओं में एक बार फिर जिले के बाद संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं शहर का नाम रोशन किया है। वॉलीबॉल (बालक वर्ग) में 22 जनवरी को कार्तिक सकवार एवं हर्षवर्धन ठाकुर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। वहीं वॉलीबॉल (बालिका वर्ग) में 24 जनवरी को रोशनी पिसाल, अनन्या मेघवानी एवं आध्या तोमर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की। क्रिकेट (बालिका वर्ग) में भाव्या जैन ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इतना ही नहीं भाव्या जैन को सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

- भाव्या जैन ने जीता स्वर्ण पदक, सजीएफआई अंडर-17 में हुआ चयन

आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर महाराज का समाधि दिवस श्रद्धा, भक्ति एवं गरिमा के साथ मनाया

## आचार्यश्री का संपूर्ण जीवन समाज के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोतः मुनिश्री सरलसागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



नगर में आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर महाराज जी का समाधि दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं शांत आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस पावन अवसर पर छोटी बजरिया स्थित श्री 1008 सहस्त्रफणी पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से एक भव्य जुलूस के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जुलूस मुनि सुव्रतनाथ जिनालय, छोटी बजरिया से होते हुए स्टेशन रोड, चैतन्यधाम मंदिर तथा रेलवे कॉलोनी मार्ग से होते हुए पुनः आचार्य अतिथि भवन पर जाकर संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त करते हुए भक्ति भाव से सहभागिता की। पूरा नगर आचार्य श्री के स्मरण में धर्ममय वातावरण से सराबोर हो गया। जुलूस के समापन के उपरांत आचार्य अतिथि भवन में समाधि दिवस के अवसर पर विधिवत पूजन-विधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर महाराज की पूजा-अर्चना ब्रह्मचारी विनोद भैया के मार्गदर्शन में श्रद्धा एवं शास्त्रीय परंपरा के अनुसार संपन्न की गई। श्रद्धालुओं द्वारा दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण एवं मंगल भावनाओं के साथ आचार्यश्री के चरणों में नमन किया गया। पूजन के माध्यम से उनके त्याग, तप, संयम और साधना को नमन करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया। धर्मसभा में मुनिश्री 108 सरलसागर महाराज ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों के माध्यम से आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर महाराज जी के समाधि दिवस पर उनके संत स्मरण एवं संत स्वर्णिम उपदेशों का भावपूर्ण वर्णन किया। मुनि श्री ने आचार्य श्री के अद्वितीय तप, त्याग, विद्वत्ता एवं जैन धर्म के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण कराते हुए कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज जी का जीवन संपूर्ण समाज के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत है। मुनिश्री 108 सरलसागर महाराज जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आचार्यश्री द्वारा दिखाए गए सत्य, अहिंसा, संयम और आत्मशुद्धि के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। सभी ने भाव-विभोर होकर पूजन, प्रवचन एवं समाधि स्मरण में सहभागिता की। संपूर्ण आयोजन श्रद्धा, शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम में आरके जैन, रमेश चंद्र जैन, डॉ महेंद्र जैन, सुनील, सम्यक, विपिन, शैलेन्द्र, मनोज, मयंक, प्रदीप, प्रवीण आदि उपस्थित रहे।

दिनारा में यातायात अव्यवस्था पर महकमे के जिम्मेदारों की भूमिका सवालों के घेरे में, वाहन चालक परेशान

# चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली का खेला फिर से शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

कस्बे में लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था अब केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल बन चुकी है। सड़कों पर अवैध पार्किंग, घंटों लगने वाला जाम और नियमों के असमान पालन से आमजन त्रस्त है। हालात ऐसे हैं कि पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है, परंतु जिम्मेदार अधिकारियों की सक्रियता को लेकर जनता असंतुष्ट दिखाई दे रही है।

स्थानीय नागरिकों की शिकायत है कि थाना प्रभारी के पुराने थाना परिसर के आसपास चारपहिया वाहन लंबे समय तक सड़कों पर खड़े रहते हैं। वाहन चालक बेफिक्र होकर चले जाते हैं, जिससे मार्ग संकरा हो जाता है और जाम की स्थिति बनती है। इस अव्यवस्था का सीधा असर स्कूली बच्चों, मरीजों को ले जाने वाले एंबुलेंस/वाहनों और रोज़मर्रा के यात्रियों पर पड़ रहा है।

### जनता यह प्रश्न उठा रही है

**क्या यह यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं है या फिर चालानी कार्रवाई केवल सिकंदरा बेरियल चेकिंग पॉइंट तक ही सीमित रखी जा रही है ?**

स्थानीय लोगों का कहना है कि सिकंदरा चेकिंग पॉइंट पर सख्ती और नियमित जांच तो दिखाई देती है, लेकिन कस्बे के भीतर खुलेआम नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई न के बराबर है। इससे पुलिस की प्राथमिकताओं और निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

कुछ नागरिकों एवं व्यापारियों ने यह भी शिकायत दर्ज कराई है कि चेकिंग के नाम पर चुनिंदा स्थानों पर ही सख्ती होती है, जबकि अन्य क्षेत्रों में अनदेखी रहती है। इसी असमानता के कारण अवैध वसूली की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। यह एक गंभीर विषय है, जिस पर निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की आवश्यकता बताई जा रही है।

उत्कृष्ट बस्ती का हिंदू सम्मेलन क्रमांक एक स्कूल प्रांगण में हुआ सम्पन्न

## हमारा जीवन शेर के समान होना गौरवांवित चाहिएः प्रजापति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

उत्कृष्ट बस्ती का हिंदू सम्मेलन क्रमांक एक स्कूल प्रांगण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष रामेश्वर प्रसाद शास्त्री ने अपने उद्बोधन में भारत माता का गौरव शाली इतिहास बताया और कहा की पहले देश सोने की चिड़िया था पर आज सोने का शेर है। राष्ट्र सेविका समिति विभाग से किरण दीदी ने पंच परिवर्तन विषय पर प्रबोधन दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग सह कार्यवाह छक्कू लाल प्रजापति ने अपने प्रबोधन में संघ कार्य का परिचय देते हुए बताया की संघ ने समाज को संगठित होकर समाज कार्य करने की प्रेरणा दी। हमारा जीवन शेर के जैसा गौरवान्वित होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन अतुल श्रीवास्तव ने किया। आभार शिवकुमार चौबे ने माना। कार्यक्रम में मातृ शक्ति, विविध संगठन जिला नगर कार्यकारणी सहित समाज बंधु उपस्थित रहे हुए।




## जनसुनवाई में मात्र 134 आवेदक ही अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के कार्यक्रम में मात्र 134 आवेदक ही अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे जिन्हे कलेक्टर द्वारा समक्ष में सुना गया और अधीनस्थ अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में ग्राम पिपरई निवासी गुड्डी बाई यादव द्वारा पीएम आवास एवं किसान सम्मान निधि दिलाए जाने,ग्राम बगुल्या निवासी मोहन सिंह पाल द्वारा नामांकन सही कराए जाने,ग्राम अमौदा निवासी आशाराम अहिरवार द्वारा किसान सम्मान निधि दिलाए जाने,ग्राम बमनावर निवासी द्वारा नक्शा सुधार कराए जाने,वार्ड नंबर 1 अशोकनगर निवासी विनोद कुर्मी द्वारा मजदूरी का भुगतान कराए जाने,ग्राम भौंरखाली निवासी चंद्रभान अहिरवार द्वारा मुक्तिधाम पर से कब्जा हटवाए जाने,ग्राम पिपरोदा निवासी भूपेन्द्र राय द्वारा नामांतरण कराए जाने,ग्राम बामौरा निवासी किशन अहिरवार द्वारा भूमि असिंचित कराए जाने,वार्ड 14 अशोकनगर निवासी सुरेन्द्र सिंह बैस द्वारा भूमि दिलाये जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। इसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह, संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोस्कर सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने हितानंद शर्मा की माता के स्वास्थ्य का जाना हाल-चाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव गणतंत्र दिवस पर अशोकनगर जिले की ग्राम पंचायत मढ़ी महिदपुर में आयोजित विशेष ग्राम सभा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सरपंच और पंचों के साथ चर्चा कर ग्राम पंचायत में किए गए विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके द्वारा बताई गई समस्याओं के निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वितों के बारे में पूछा।

**गौशाला मढ़ी महिदपुर का किया निरीक्षण** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भ्रमण के दौरान मढ़ी महिदपुर गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला में गौ माता की पूजा कर गुड़ एवं चारा खिलाया। उन्होंने गौशाला संचालन की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही गौशाला का संचालन बेहतर किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम पंचायत मढ़ी महिदपुर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की पूजनीय माताजी के स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। साथ ही ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा संगठन महामंत्री की माताजी जनक दुलारी उम्र 88 वर्ष के निज निवास पहुंचकर परिवार के सदस्यों से कुशलक्षेम जानी। उन्होंने माता जी के चल रहे उपचार के बारे में भी जानकारी ली।इस दौरान नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, विधायक चंदेरी जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, आलोक तिवारी, कमिश्नर ग्वालियर संभाग मनोज खत्री, आईजी अरविंद सक्सेना, कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व के शुभ एवं गरिमामय अवसर पर जिला पुलिस अशोकनगर द्वारा विगत वर्ष के दौरान अपने शासकीय दायित्वों का उत्कृष्ट, निष्ठापूर्ण एवं अनुकरणीय रूप से निर्वहन करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने हेतु पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कान्फ्रेंस हॉल में किया गया।

उक्त अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा निम्नलिखित अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके द्वारा कानून व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा, जनसेवा तथा विभागीय कार्यों के प्रभावी निष्पादन में किए गए सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

1.गजेन्द्र सिंह कंवर अति० पुलिस अधीक्षक अशोकनगर (लंदन ब्रिटेन में आयोजित मिड-केरियर प्रशिक्षण प्रोग्राम में चयनित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

2. विवेक वीरभद्र शर्मा- एसडीओपी अशोकनगर (कानून व्यवस्था एवं सामुदायिक पुलिसिंग, जनता से जीवंत संवाद रखने में)

3. सनम बी खांन एसडीओपी मुंगावली (कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु)।